**5.** निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×3=30

(क) स्वतंत्रता-पूर्व असम में हिन्दी के प्रचार-प्रसार के इतिहास पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

अरुणाचल प्रदेश में हिन्दी के प्रचार-प्रसार की सामान्य जानकारी प्रस्तुत कीजिए।

(ख) केन्द्रीय हिन्दी संस्थान—आगरा की गुवाहाटी शाखा की गतिविधियों का खुलासा कीजिए।

**अथवा**

'समन्वय पूर्वोत्तर' पत्रिका के स्वरूप एवं महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

(ग) जीवन चंद्र हाजरिका की चारित्रिक विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

**अथवा**

'हीली बोन् की बत्तखें' कहानी के प्रतिपाद्य की समीक्षा कीजिए।

★★★





**2023**

HINDI

( Honours Elective )

Paper : HIN–HE–5036

**( पूर्वोत्तर भारत में हिन्दी भाषा और साहित्य )**

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के प्रतिष्ठाता अध्यक्ष कौन थे?

(ख) केन्द्रीय हिन्दी संस्थान, आगरा का मेघालय वाला शाखा-केन्द्र किस शहर में स्थित है?

(ग) हिन्दी-प्रचार-कार्य में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली श्रीमती सी० जीनी पूर्वोत्तर के किस प्रांत की निवासी रही हैं?

(घ) असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति द्वारा संचालित की जाने वाली प्रारंभिक परीक्षा का नाम क्या है?

( Turn Over )

(ङ) 'सेंटीनल' नामक हिन्दी अख़बार का प्रकाशन असम के किस शहर से होता है?

(च) 'मेघालय दर्पण' किस संस्था की पत्रिका है?

(छ) केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय का मुख्य कार्यालय कहाँ पर स्थित है?

(ज) 'राह और रोड़े' नामक उपन्यास में कुल कितने परिच्छेद हैं?

(झ) 'हीली बोन् की बत्तखें' के कहानीकार अज्ञेय का असली नाम बताइए।

(ञ) "भौंरे तो उस पर ______ पड़ते।" खाली जगह भरिए।

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति (असम हिन्दी प्रचार समिति), गुवाहाटी की स्थापना किस ईस्वी में किस तिथि को हुई थी?

(ख) मणिपुर में हिन्दी के प्रचार-प्रसार की गतिविधियों से संबंधित किन्हीं दो प्रमुख बातों का उल्लेख कीजिए।

(ग) 'एक हृदय हो भारत जननी' का तात्पर्य बताइए।

(घ) "हाँ, कोई कचरा फैलाने वाला जो नहीं है!" किसने किससे ऐसा कहा था?

(ङ) राधा देवी का परिचय प्रस्तुत कीजिए।





**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) त्रिपुरा में हिन्दी के प्रचार-प्रसार की सामान्य जानकारी प्रस्तुत कीजिए।

(ख) असम-निवासियों को हिन्दी सीखने की प्रेरणा गाँधीजी से किस प्रकार मिली थी?

(ग) असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, गुवाहाटी द्वारा हिन्दी पुस्तकों के प्रकाशन के संदर्भ में निभायी जा रही भूमिका पर प्रकाश डालिए।

(घ) 'दैनिक पूर्वोदय' समाचार-पत्र के महत्त्व का आकलन कीजिए।

(ङ) पाठ के आधार पर भिण्डी के फूल और जुही की कली की स्थितियों की तुलना कीजिए।

(च) 'राह और रोड़े' उपन्यास में रामधनी की भूमिका पर प्रकाश डालिए।

**4.** निम्नलिखित अवतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10

"हम बचते तो कभी नहीं। समय पर भगवान का भेजा एक युवक आ गया था, जिसने हमें पथ के भिखारी बनने से बचाया। मानवों में आज मैंने पशु के भी दर्शन किए और देवता के भी।"

**अथवा**

"मैं तो एक भूखी बकरी की तरह अभी जो कुछ भी सामने मिलता है चर जाती हूँ। नापसंद का सवाल तो बाद का है। हाँ, इतना अवश्य कह सकती हूँ कि एक ऐसे अक्षय भण्डार का द्वार अब मेरे लिए खुल गया है, जिसमें सब कुछ अपना है—रुचि-संगत है।"